दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्ष :-04
अंक:-251
मुरादाबाद
01 January 2025
(Wednesday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने संगम नोज घाट पर की आरती, बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण भी किया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में संगम नोज घाट पर आरती की। शहर में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बायो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया।इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज- सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रदेश में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट आधारित इस पहले सीएनजी प्लांट से 200 परिवारों को रोजगार भी मिला है। पीपीपी मॉडल पर संचालित होने वाले इस प्लांट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा को साकार करता यह प्लांट आरएनजी (नवीकरणीय प्राकृतिक गैस) परियोजना, अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक के साथ नगर निगम के ठोस कचरे को बायोगैस में संसाधित करने के लिए सबसे उन्नत और कुशल सुविधाओं में से एक है। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज शहर में घरों, होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से हर दिन निकलने वाले औसतन 200 टन गीले कचरे से लगभग 21500 किलो बायो CNG और 209 टन जैविक खाद बनेगी। प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है। हर दिन प्लांट से 21.5 टन बायो CNG के साथ 109 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बनेगी। इससे 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकेगी। एक दिनी दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा।

स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्हें नगर में नहीं जाना पड़ेगा। गंगा किनारे रिवर फ्रंट रोड से ये वाहन सीधे महाकुम्भ मेला में प्रवेश कर सकेंगे। भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है। लगभग 450 मीटर लंबे दो लेन के इस स्टील ब्रिज में 4500 टन लोहे का प्रयोग हुआ है। इसके लिए तीन किमी की एप्रोच रोड का भी निर्माण कराया गया है। इससे पहले स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में मुख्यमंत्री ने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हर एक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। महाकुम्भ को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री रखा जा रहा है, कैरी बैग से लेकर होर्डिंग-बैनर तक कहीं भी प्लास्टिक नहीं, जो कुछ होगा सब बायोडीग्रेडेबल होगा।

इसे लेकर जागरूकता भी बढ़ाई जाए। घाट प्रबंधन और श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए 05 हजार कुम्भ सेवा मित्र की तैनाती की गई है। इनका विधिवत प्रशिक्षण भी कराया जाए। मुख्यमंत्री ने किले के समीप तैयार हो रहे वीआईपी घाट का भी निरीक्षण किया और यहीं से त्रिवेणी संगम पहुंचकर संगम-पूजन भी किया और फिर बड़े हनुमान जी का दर्शन भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब सरकार ने किसान नेता को अस्पताल भेजने के लिए मांगा और समय; सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई दो जनवरी तक टाली

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीते 36 दिन से अनशन कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर नजर रख रहा है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि दो जनवरी को डल्लेवाल की सेहत से जुड़ी जानकारी ली जाएगी। पंजाब किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 36 दिन से जारी है। बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए उठाए कदमों की आज सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा की जानी थी। मगर, राज्य सरकार ने बताया कि डल्लेवाल को अस्पताल जाने के लिए मनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वो मान नहीं रहे हैं। साथ ही सरकार ने डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने के लिए तीन दिन का और समय मांगा। इस पर अदालत ने सुनवाई दो जनवरी तक टाल दी। 29 दिसंबर को भी गई थी सरकार की एक टीम-बता दें, इससे पहले पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम 29 दिसंबर को 70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी। उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास किया गया, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया। तीन दिन का मांगा समय- जस्टिस सूर्यकांत और सुधांशु धूलिया की अवकाश पीठ ने मामले को दो जनवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जनरल गुरमिंदर सिंह ने अदालत के 20 दिसंबर के आदेश के अनुपालन के लिए तीन दिन का और समय मांगने के लिए एक आवेदन दायर किया था।

## जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह लॉन्च करेगा इसरो, सोमनाथ बोले- 100वें प्रक्षेपण की चल रही तैयारी



इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि 29 मई, 2023 को जीएसएलवी-एफ12 रॉकेट ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। इसमें व्यापक सेवा कवरेज के लिए एल1 बैंड सिग्नल शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीएस-02 मिशन इस प्रगति को जारी रखने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाओं के साथ एनएवीआईसी प्रणाली को और मजबूत करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि यह मिशन अगले साल के लिए नियोजित कई मिशनों में से एक है। पीएसएलवी-सी60 के सफल प्रक्षेपण के बाद सोमनाथ ने यह घोषणा की, जिसमें स्पैडेक्स और अन्य पेलोड को ले जाया गया है। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि 29 मई, 2023 को जीएसएलवी-एफ12 रॉकेट ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। उन्होंने बताया कि एनवीएस-01 उपग्रह में एक स्वदेशी परमाणु घड़ी है, जो नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) की क्षमताओं को बढ़ाती है। इसमें व्यापक सेवा कवरेज के लिए एल1 बैंड सिग्नल शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीएस-02 मिशन इस प्रगति को जारी रखने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाओं के साथ एनएवीआईसी प्रणाली को और मजबूत करेगा। इस मौके पर इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें विभिन्न मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर लॉन्च किया जाएगा और दो अलग-अलग मॉड्यूल में एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन मॉड्यूल को कक्षा में पहुंचने और फिर पृथ्वी की कक्षा और चंद्रमा की कक्षा दोनों में डॉक करने की आवश्यकता है। इसरो प्रमुख ने बताया कि चंद्रयान-4 का लक्ष्य चंद्रमा पर उतरना और सफलतापूर्वक वापस आना है। उन्होंने बताया कि अंतिम डॉकिंग प्रक्रिया 7 जनवरी 2025 के आसपास पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा, यह चंद्रयान-4 के लिए परीक्षण स्थल है। डॉकिंग कल शुरू होगी और कई प्रक्रियाएं होंगी, लेकिन अंतिम डॉकिंग संभवत: 7 जनवरी तक होगी। 100वें प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा इसरो-सोमनाथ ने इसरो के 99वें प्रक्षेपण का जश्न मनाते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और अगले साल 100वें प्रक्षेपण की तैयारी चल रही है। हाल ही में पीएसएलवी-सी60 ने दो स्पैडेक्स उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने मिशन की सफलता पर खुशी व्यक्त की- विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस मिशन की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि भारत अब अंतरिक्ष डॉकिंग करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पाडैक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करना है, जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक साबित होगा।

## संभल में मस्जिद के पास पुलिस चौकी बनाने पर भड़के ओवैसी, कहा- BJP स्कूल-कॉलेज क्यों नहीं बनवा सकती



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद ओवैसी ने पूछा कि सरकार संभल में एक ऐतिहासिक मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण क्यों कर रही है? आखिर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम क्यों है?संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी बनाए जाने को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर सांप्रदायिक मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि मुस्लिम बहुल इलाकों में स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के बजाय सरकार वहां पुलिस चौकियां बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार पर सांप्रदायिक मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।बुनियादी सुविधाए देने में नाकाम क्यों सरकार- ओवैसी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद ओवैसी ने पूछा कि सरकार संभल में एक ऐतिहासिक मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण क्यों कर रही है? आखिर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम क्यों है? उन्होंने कहा, कई अध्ययन किए गए हैं जो स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि सरकारों ने कभी यह सुनिश्चित नहीं किया कि जहां मुस्लिमों की संख्या अधिक है वहां स्कूल, अस्पताल या कॉलेज जैसी सुविधाएं दी जाएं। सरकार ऐसे इलाकों में सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में नाकाम रही है। भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप- उन्होंने आगे डार्टमाउथ कॉलेज एमआईटी के पॉल लोवोसाद द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन की ओर इशारा किया, जिसमें बताया गया है कि सरकारों ने कितना भेदभाव किया है, विशेष रूप से भाजपा सरकार ने सार्वजनिक सेवाएं प्रदान नहीं करने में भेदभाव किया है।मुस्लिमों में साक्षरता दर कम- उन्होंने मुस्लिम महिलाओं में स्कूल छोड़ने की चिंताजनक दर, कम साक्षरता दर, मुस्लिम समुदाय में स्नातकों की सीमित संख्या तथा चिकित्सा संबंधी गंभीर मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। एआईएमआईएम सांसद ने कहा, यदि आपके पास संभल में ऐतिहासिक मस्जिद के ठीक सामने पुलिस चौकी बनाने के साधन हैं, तो आप संभल में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल क्यों नहीं बना सकते? यह तो सबको ही पता है कि मुस्लिम महिलाओं के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है। यह भी एक ज्ञात तथ्य है कि मुस्लिमों में साक्षरता दर कम है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि मुस्लिम समुदाय में स्नातकों की संख्या सबसे कम है। नफरत का माहौल बनाना चाह रही सरकार -ओवैसी ने कहा, यहां विभिन्न चिकित्सा मुद्दे हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार इन समस्याओं को हल करने में दिलचस्पी क्यों नहीं ले रही है, जबकि लगातार दावा करते रहे हैं कि वे एक विकसित भारत चाहते हैं, फिर आप ये सभी सेवाएं क्यों नहीं दे रहे हैं। मगर आप सांप्रदायिक मानसिकता रखते हैं। आप उस सांप्रदायिक मानसिकता को मजबूत करने के लिए यह संदेह पैदा कर रहे कि इन मुस्लिम क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी द्वारा पुलिस चौकियों द्वारा की जानी है। पुलिस चेक पोस्ट का यह निर्माण और कुछ नहीं बल्कि मुसलमानों के बीच संदेह को मजबूत करना, नफरत का माहौल बनाना है। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में यही कर रही है जिसकी मैं निंदा करता हूं। पुलिस चौकी बनाने का चल रहा काम-फिलहाल उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के पास खाली मैदान में पुलिस चौकी बनाने का काम चल रहा है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माण स्थल के पास रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तैनात की गई है। इस बीच, इस बीच, संभल के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने सोमवार को कहा कि संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। आवास की आवश्यकता के कारण चौकी के निर्माण में तेजी लाई जा रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में बल वर्तमान में ठंड में बाहर रह रहे हैं। आस-पास की सुविधाएं नहीं होने के कारण काम तेज गति से पूरा किया जा रहा है।

## CM ममता बोलीं- सरकारी योजना के लाभार्थी किसी को पैसे न दें; विवाद के 11 माह बाद दौरे पर पहुंचीं



पश्चिम बंगाल का संदेशखाली इसी साल जनवरी महीने में सुर्खियों में आया था। ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद उपजे विवाद के 11 महीने बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस इलाके में दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले लोगों से किसी अनधिकृत शख्स को अतिरिक्त पैसे का भुगतान न करने की अपील की। इसी साल जनवरी में उपजे विवाद के 11 महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ पाने के लिए पैसों का भुगतान न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का संचालन राज्य सरकार कर रही है। सीधे बैंक खातों के माध्यम से लाभार्थियों को उनके हक का पैसा मिल रहा है।

सीएम ममता ने कहा कि पैसा जनता का है और इस पर उनका पूरा अधिकार है। पैसे देकर संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन कराए गए-उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 30 दिसंबर को पहुंचीं ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इनका लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है। महिलाओं से मुखातिब ममता ने कहा, अगर कोई उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के बहाने बुलाता है तो ऐसी बातों पर ध्यान देना जरूरी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में पैसों का दुरुपयोग किया गया।

## संपादकीय Editorial

### Change these mirrors

The contracting of political and social thinking in Himachal must stop and for this the state's content must change. Despite the failure of government schools, why should society participate in that debate with the opposition, where the entire House keeps looking back at the justification so that meaningless content can continue. If we have to go to Delhi, we rely on private vehicles, taxis or private Volvos, but the loss-making routes declared by HRTC should continue. It doesn't matter if we get three colleges and two SDM offices in the same assembly constituency. It is surprising that we don't even trust medical colleges, yet society needs new institutions. What is needed has not been thought of, because there is no roadmap for our development, rather politics and society are only singing qawwali. They are singing in unison. We feel that there should be a debate on forests, but not on its parameters. In front of us, wherever politics wants, forests are destroyed and wherever it does not want, even the cremation grounds are occupied by forests. Some custom of the world should tell us how the ambitions, expectations, social background, economic balance, future outline, human needs and desired employment of a state will be created on the basis of only 30% land. Every progressive step of Himachal has stopped in the forest, but alas! We are environmental supporters and intellectual society is in favour of approving the pine trees. So many questions were changing the mirror of assembly constituencies in the winter session, but we did not calculate the fate of Himachal which is losing in front of the forest. Ask any farmer buying seeds and fertilizers how difficult it is to save the farm in the forest. How easy it has become for monkeys to come and live in the settlement, because the forest exists only in figures. See this year's report itself, how many kilometers it has spread and how many celebrations in every year's Van Mahotsav are not able to hear the sigh of the farmer. Why doesn't the forest take a pledge that the wild animals will not run away from it and destroy the farm. It is surprising that amidst the growing trees, there is no courage to uproot a dangerous tree from an urban settlement or to have the forest department cut down a dangerous tree in the middle of the road. This is because our society is not seeing in the noise of personal achievements that a chitta is crawling under the roof of the neighbor and biting a young man. We have not thought as a society about which projects, which objectives should be completed first in the entirety of Himachal. We are not even worried that our history should not be spoiled. To make our development, our economic base, unnecessary expenditure will have to be called an end to and crowned with all the state level priorities. If we are developing streets for cultural events here and there while celebrating functions worth crores, then we should also think about what Himachali art, artists and Himachali language have got from this. It is surprising that in the last one year, a single artist from Punjab came to Himachal five times and collected a remuneration of one and a quarter crore, but in comparison to this, did Karnail Rana, Kuldeep Sharma or any other Himachali singer earn even ten lakhs. This is because the society does not know how to strengthen itself in culture. Punjabi may have emerged from many dialects in Punjab and eight dialects in Himachal as well, but politics misleads and divides us. The fear is that Himachali language may be unanimously dominated by a region. If many dialects of Himachal can strengthen Punjabi in Punjab, Dogri in Jammu and Kashmir and local languages ??in Pakistan, then making Himachal untouchable by their influence is dangerous regionalism.

# New era of White Revolution begins, Modi government promoting milk production

At present, fodder is cultivated on 84 lakh hectares of agricultural land in the country, which is four percent of the total agricultural land. It is becoming difficult to get land for animal fodder cultivation in the country as it is facing tough competition from commercial crops. The second problem is the continuously shrinking natural pastures. Recently, Union Home and Cooperation Minister Amit Shah, while launching ten thousand new Primary Agricultural Cooperative Societies (PACS), said that the target of forming two lakh PACS in the next five years will be achieved ahead of time. Agricultural products will have access to domestic and foreign markets through PACS. It is noteworthy that India has a 24 percent share in global milk production, but India's share in world exports is very low. To promote milk production, the Modi government has launched White Revolution 2.0 through PACS. This initiative is based on the success of Operation Flood, which started in 1970 and made India the world's largest milk producer through cooperatives. White Revolution 2.0 will be funded through the National Dairy Development Board (NDDB). This money will be used to set up milk collection centers, increase cold storage facilities and training programs etc. In fact, 6.5 crore rural families involved in milk production are outside the purview of the cooperative sector. These rural families are facing exploitation due to not getting fair price. Out of the eight crore rural families in the country associated with the dairy business, only 1.5 crore families are associated with the cooperative sector. The Modi government has set a target to connect these 6.5 crore rural families with the cooperative sector. This will give better access to the market to dairy farmers. White Revolution 2.0 is focused on four major areas. This includes empowering women farmers, increasing local milk production, strengthening dairy infrastructure and promoting dairy exports. The primary goal of White Revolution 2.0 is to increase milk collection by 50 percent across the country in the next five years. Its objective is to increase the daily milk procurement from 660 lakh kg to 1007 lakh kg by the financial year 2028-29. Dairy is a sector in which most women are employed. Women account for 70 percent of the workforce in the dairy sector. In Gujarat alone, women associated with the dairy sector are doing a business of Rs 60,000 crore annually. It is clear that White Revolution 2.0 will prove to be an effective weapon to empower women. India is the largest milk producing country in the world. 23 crore tonnes of milk was produced in the financial year 2022-23. The dairy industry accounts for 40 percent of India's agricultural production. About 63 percent of the milk produced reaches the market, most of which comes from the unorganized sector, while cooperatives control the production of the organized sector. It is worth mentioning that cooperatives have been the backbone of Operation Flood. Currently, there are 1.7 lakh dairy cooperatives in the country, which cover 30 percent of the villages. 10 percent of the country's total milk production comes through these cooperatives, but their coverage is uneven. To increase the coverage, NDDB is working on a plan to establish 56,000 new cooperatives and improve 46,000 existing societies in the next five years. NDDB's focus is on states like Uttar Pradesh, Odisha, Rajasthan, Andhra Pradesh, where dairy cooperatives are less developed. The government has also introduced RuPay Kisan Card for dairy farmers and micro ATMs in dairy cooperatives across the country. It is the achievement of the White Revolution that India has remained the world's leading milk producer for a long time. Today, while milk production is increasing at the rate of two percent annually at the global level, in India it is increasing at the rate of six percent. India has a 24 percent share in global milk production, but India's share in world exports is less than one percent. Today India's dairy and animal husbandry industry is contributing five percent to the country's GDP. If we look at the agriculture sector, this contribution is 24 percent, whose total value is Rs 10 lakh crore. In the era when farming is becoming a loss-making deal, it is a major source of regular income for farmers. The biggest challenge in the way of White Revolution 2.0 is animal fodder. Despite all the efforts of the Center to increase fodder production, there is a shortage of 11 percent green fodder and 33 percent dry fodder. The Indian Grassland and Fodder Research Institute, Jhansi has released many improved varieties of animal fodder, which can supply quality animal fodder throughout the year, but the acceptance of these new technological initiatives among farmers is very low. At present, fodder is cultivated on 84 lakh hectares of agricultural land in the country, which is four percent of the total agricultural land. It is becoming difficult to get land for animal fodder cultivation in the country, as it is facing tough competition from commercial crops. The second problem is the continuously shrinking natural pastures. In the last decade, 31 percent of the country's pastures have been destroyed. Now only 1.2 crore hectares of pastureland is left. For the success of White Revolution 2.0, this problem will also have to be solved.



## Time for new resolution in politics, the process of 'lies prevailing' will have to be changed

More than 100 constitutional amendments so far show that amendments have been made according to national challenges. In this game of false propaganda, going to Parliament with Manusmriti along with the Constitution and presenting Manusmriti as an alternative to the Constitution is inappropriate and unfortunate. The safeguards for reservation were passed by the Constitution makers themselves. Amendments have also been made as required. The year 2024 is leaving. One year is not enough to achieve meaningful achievements in national life. Despite this, bidding farewell to the passing year and welcoming the new year are natural. There are many achievements of the year 2024. India's prestige has increased in the world. National self-respect has increased, so there has also been a dispute between the government and the opposition over such achievements. However, there has been a big devaluation in politics in the past year. Not much good happened in Parliament. The country is hurt by the bitterness of parliamentary language. Assembly elections were held in eight states this year. There were wholesale defections. The 10th Schedule of the Constitution regarding defections was not followed. Many dreams were fulfilled. Many were shattered. Many are awaited, but the biggest lie of this year was about the Constitution and the abolition of reservation. The opposition parties propagated that the BJP would change the Constitution and abolish reservation as soon as it comes to power. The BJP repeatedly clarified that nothing like this is going to happen. Of course, in politics, everyone has their own truths and lies. Senior workers also resort to half-truths or lies, but the lie about changing the Constitution and abolishing reservation is condemnable. This spread confusion across the country. This lie was also told in Parliament. This lie was propagated across the country, while there was no meaningful discussion on agriculture, public health, employment and many such issues. Remember that the Constitution is not rigid. It is changeable as per national needs. The Constitution makers also wrote the amendment process in the Constitution itself. While presenting the proposal for constitutional amendment in the Constituent Assembly, Dr. Ambedkar had said, 'Those who are dissatisfied with the Constitution, only have to get a two-thirds majority. If he cannot get even a two-thirds majority in the Parliament elected on the basis of adult vote, then it should be understood that the public is not with him in dissatisfaction with the Constitution.' Article 368 dealing with amendment is worth noting. Amendment of the provisions of the Constitution on some general subjects will not be considered as Constitution amendment. Such amendment requires a simple majority. For important amendments, special majority is required in the Parliament, while bills affecting the federal structure require the approval of the legislative houses of at least half of the states. The Constitution amendment will go to each House. It will be passed by the majority of the total number of members of the House and by a majority of at least two-thirds of the members present in the House, but it cannot be called a change in the Constitution. There is a fundamental difference between changing the Constitution and making amendments as required. The Constitution makers were not supporters of harsh provisions. Therefore, they kept a provision for Constitution amendment in accordance with national need. The requirement regarding the support of state legislatures is more liberal than the American Constitution. The American Constitution requires the support of three-fourths of the states, but in India the support of half the state legislatures is sufficient. The Supreme Court has also given many decisions on the right and provisions of constitutional amendment. It has been said that the basic structure of the Constitution cannot be amended. These include many subjects including unity and integrity of the nation, parliamentary system, social justice and supremacy of the Constitution. The Constitution is the code of conduct of national life. The Constitution is Rajdharma and Rajdharma is not rigid. The pace of social change is fast. Social change affects politics. It also affects the economy. To deal with such challenges, the Constitution makers have kept the provision of amendment, but in India itself such a lie has been told that the Constitution is in danger and it will be changed by the BJP. Reservation will also end. Such a lie does not work in any democratic country of the world. Personal allegations were made during the two-day debate in Parliament as well. The Constitution makers were aware of the future of India. They had written 'temporary provision' in the title of Article 370 related to Jammu and Kashmir. The Constitution makers had left scope for ending the provisions of special status of Jammu and Kashmir. The Central Government fulfilled this responsibility. Divisive politics keeps raising the ghost of Article 370.

# मण्डलायुक्त ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं को प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए त्वरित निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मण्डलायुक्त ने क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद द्वारा की गयी कार्यवाहियों पर असंतोष व्यक्त करते हुए जताई नाराजगी मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की



अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। मण्डलायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक प्राथमिकता स्तर पर संज्ञान लेते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में डियर पार्क के संचालन हेतु कार्ययोजना बनाये जाने के संबंध में मण्डलायुक्त द्वारा डीएफओ मुरादाबाद को नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। मुरादाबाद शहर में गांगन नदी के किनारे कूड़ा कचरा जलाने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने विषयक संबंधी बिन्दु पर क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियत्रंण विभाग द्वारा संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर मण्डलायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण विभाग को पूर्व में की गयी कार्यवाहियों से अवगत कराने हेतु विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बैठक में गांगन नदी के किनारे अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्यवाही किए जाने के संबंध मण्डलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद को नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अवैध भट्टियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विगत दो माह में कुल 26 इकाईयों के विरुद्ध वायु ( प्रदूषण निवारण तथा नियत्रंण ) अधिनियम 1981 की धारा 31ए के अन्तर्गत कार्यवाही हेतु संस्तुति बोर्ड मुख्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गयी है। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग व कलक्शन किए जाने के संबंध में मण्डलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद को ई-वेस्ट के पृथक्करण, वियोजन एवं संग्रह संबंधी कार्यवाहियां रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग में खतरनाक वस्तुएं जैसे - ब्लेड, नुकीली वस्तुएं इत्यादि के वियोजन संबंधी उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में प्लेज पार्क के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्लेज पार्क के विकास के संबंध में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री शैलेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद श्री योगेश कुमार, डीएफओ मुरादाबाद श्री सूरज, संयुक्त आयुक्त उद्योग अमरोहा व सम्भल, एसपी सिटी मुरादाबाद, जीएसटी डिप्टी कमिश्नर मुरादाबाद, अपर नगर आयुक्त मुरादाबाद, चीफ विद्युत सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहें।

# नये साल में महानगरवासी ले सकेंगे म्यूजिकल वाटर फाउंटेन का आनंद, बुद्धि विहार फेज-2 में तैयार हुआ स्पंदन सरोवर

## मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड से लोगों को मिलेगा अनूठा उपहार, आज होगा ट्रायल

मुरादाबाद। साल 2025 महानगर के अलावा बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी सुखद रहेगा।



महानगर में स्मार्ट सिटी की पहल पर कई बड़ी परियोजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद अब नये साल में लोगों को बुद्धि विहार में स्पंदन सरोवर में म्यूजिकल वाटर फाउंटेन का आनंद मिलेगा। इसका ट्रायल मंगलवार को नये साल की पूर्व संध्या पर किया जाएगा। स्मार्ट सिटी की ओर से बुद्धि विहार के फेज दो में स्पंदन सरोवर का निर्माण कराया गया है। इसमें म्यूजिकल वाटर फाउंटेन का आनंद लोग लेकर अपने फुर्सत के पल बिता सकेंगे। नये साल का जश्न मनाने के लिए लोगों को यह अनूठा अवसर भी मिलेगा। इसका प्रारंभिक ट्रायल स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से मंगलवार को नये साल की पूर्व संध्या पर होगा। जिसमें महापौर विनोद अग्रवाल, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह आदि मौजूद रहेंगे। इसके बाद इसे जन सामान्य के लिए खोल दिया जाएगा। जहां आकर लोग मनोरंजन के साथ ही नये साल की खुशियां भी मना सकेंगे। नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ दिव्यांशु पटेल ने बताया कि बुद्धि विहार फेस 2 में तैयार स्पन्दन सरोवर में म्यूजिकल वाटर फाउंटेन के ट्रायल के बाद जन सामान्य के लिए भी यह सुविधा शुरू करा दी जाएगी। महानगर को अत्याधुनिक सुविधाओं और देश के कई बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया गया है। आने वाले दिनों में और कई उपलब्धियां मिलेंगी।




# टीएमयू में कवियों ने गुदगुदाया, बही देशभक्ति-हास्य और श्रंगार की बयार

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में सोमवार को राष्ट्रभक्ति, हास्य और श्रृंगार की बयार बही। छात्रों से खचा-खच भरे पंडाल में कवि डॉ. कुमार विश्वास के संग-संग दीगर कवियों और




शायरों ने देर रात अपने कलाम से युवाओं का दिल जीत लिया। इन सशक्त हस्ताक्षरों ने हास्य से गुदगुदाया तो सियासी तंज भी कसा। प्रेम गीतों के जरिये युवाओं के दिल के तारों को छेड़ा तो कभी राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। टीएमयू के दीक्षांत समारोह के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। युग कवि डॉ. कुमार विश्वास ने मंचासीन होते ही मुरादाबाद की सरजमीं को नमन करते हुए जिगर मुरादाबादी, हुल्लड़ मुरादाबादी, माहेश्वर तिवारी का भावपूर्ण स्मरण किया। इसके बाद वह धीरे-धीरे मंच और श्रोताओं को अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। युगकवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपने नए और पुराने गीतों से समां बांधा। कहा, मैं अपने गीत-गजलों से उसे पैगाम करता हूं, उसी की दी हुई दौलत उसी के नाम करता हूं। हवा का काम है चलना, दिए का काम है जलना, वो अपना काम करती है, मैं अपना काम करता हूं। मुमताज नसीम ने मुहब्बत की शायरी सुनाईं तो युवाओं के दिलों की धड़कने जवां हो गई। उन्होंने आज इकरार कर लिया हमने, खुद को बीमार कर लिया हमने। अब तो लगता है जान जाएगी, तुमसे प्यार कर लिया हमने... सुनाया। हरियाणा के हास्य कवि अनिल अग्रवंशी ने अपनी रचनाओं में पीएम से लेकर सीएम, केजरीवाल से लेकर विपक्षी नेताओं- राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर खूब व्यंग्यात्मक तीर चलाए। इतना ही नहीं, अनिल अग्रवंशी के कटाक्ष से डॉ. विश्वास भी नहीं बच पाए। बोले- सत्ता को संभालते ही मोदी ने एलान किया,खुद नहीं खाऊंगा और खाने नहीं दूंगा मैं। योगी बोले नारी से क्या काम तुझे, मैंने न पटाई तो तुम्हें पटाने नहीं दूंगा मैं। लखनऊ से आई कवियत्री साक्षी तिवारी मंच का युवा चेहरा होने के बावजूद उन्होंने वंदे मातरम् कहो जी... वंदे मातरम् सुनाकर पूरे पंडाल में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा दी। जैसे ही साक्षी वंदे मातरम् कहो जी बोलतीं, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने स्वर भी साक्षी के स्वर में शामिल कर लेता। बोलीं- युवाओं को माटी से प्यार बताते हुए बोलीं, हम कैसे उन्हें भूल जाएं जो माटी देकर चले गए। इस पर लुटाने को समस्त परिपाटी देकर चले गए। हास्य कवि कुशल कुशलेंद्र ने अपनी रचनाओं से पंडाल में मौजूद हजारों छात्र-छात्राओं को देर रात तक खूब गुदगुदाया। इससे पूर्व मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, कुलाधिपति सुरेश जैन, युग कवि डॉ. कुमार विश्वास के संग-संग हास्य कवि अनिल अग्रवंशी, शायरा मुमताज़ नसीम, युवा कवियत्री साक्षी तिवारी, हास्य कवि कुशल कुशलेंद्र आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कवि सम्मेलन का शंखनाद किया। इस मौके पर कुलाधिपति ने सभी कवियों का माल्यार्पण करके शाल ओढ़ाई एवम् स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, अभिषेक कपूर, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. आरके द्विवेदी, मनोज जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, प्रो. विपिन जैन, अजय गर्ग, विपिन जैन, प्रो. एसके सिंह, प्रो. एसके जैन, नवनीत कुमार सिंह, प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रो. मनु मिश्रा, प्रो. जसीलन एम., डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ. मनोज राणा, प्रो. प्रदीप अग्रवाल मौजूदगी रहे।

# गोकशी के आरोपी की पिटाई के बाद मौत, इलाके में तनाव...पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में सोमवार देर गोकशी करते रंगे हाथ पकड़े गए युवक को भीड़ ने जमकर पीटा था। जहां मंगलवार को उसकी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार




तड़के लाठी-डंडे और लात-घूसों से उसको इतना मारा था कि वह मौके पर ही बेहोश हो गया। पुलिस के द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक गोकश आरोपी शाहेदीन पुत्र शफीक गलशहीद थाना क्षेत्र के असलपतपुरा का रहने वाला था। पुलिस की कड़ी निगरानी में मृतक के शव को ईदगाह के पास कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया है। मॉब लिंचिंग में मौत के बाद गलशहीद थाना क्षेत्र के ईदगाह इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया की पुलिस ने गोकशी करने के जुर्म मे शाहेदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतक के भाई की तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर प्राप्त हुई। उस तहरीर के आधार पर भी मुकदमा पंजीकृत किया गया हैं। पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही हैं। मंडी समिति परिसर में कुछ लोग छुट्टा गोवंशीय पशु को अंधेरे में ले जाकर गोकशी की कोशिश कर रहे थे। सूचना पर पहुंचे लोगों ने आरोपियों को घेर लिया। इस दौरान तीन आरोपी भागने में सफल हो गए, जबकि शाहेदीन नामक आरोपी को पकड़कर लोगों ने जमकर पीट दिया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

# भाजपा महानगर के 10 मंडलों के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित, जिला चुनाव अधिकारी ने जारी किया पत्र

## मुरादाबाद नगर व मुरादाबाद ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत है 10 मंडल

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को भाजपा महानगर



भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश
7, विधान सभा मार्ग, लखनऊ
up.sangathanparv2024@bjp.org

घोषित मण्डल अध्यक्ष / मण्डल प्रतिनिधि

क्षेत्र का नाम :- पश्चिम

जिला का नाम :- मुरादाबाद महानगर

प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ0 महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति उपरांत मुरादाबाद महानगर के निम्न मण्डल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किये जाते हैं।

| क्रम | विधानसभा नं. व नाम | | क्रम | मण्डल का नाम | मण्डल अध्यक्ष का नाम | वर्ग | मण्डल प्रतिनिधि का नाम | वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27 | मुरादाबाद ग्रामीण | 1 | सिविल लाईन | श्री सोमपाल सिंह | प्रजापति | श्री नीरज बाल्मीकि | बाल्मीकि |
| 2 | | | 2 | रामगंगा विहार | श्री विपिन प्रजापति | प्रजापति | श्री अनूप कौशल | ब्राम्हण |
| 3 | | | 3 | दीवान का बाजार | श्री विशाल रस्तोगी | सोनार | श्री आलोक सैनी | सैनी |
| 4 | | | 4 | सेहल | श्री सतेन्द्र सिंह सैनी | सैनी | श्री संजीव कुमार जाटव | जाटव |
| 5 | | | 5 | भोजपुर | श्री वीरपाल सिंह | पाल | श्री सुमनेश सिंह | राजपूत |
| 6 | 28 | मुरादाबाद नगर | 1 | चन्द्रनगर | श्री कपिल गुप्ता | वैश्य | श्री रोहित चौधरी | जाट |
| 7 | | | 2 | लाइनपार | श्री मिथुन शर्मा | ब्राम्हण | श्री संजीव चौहान | ठाकुर |
| 8 | | | 3 | दससराय | श्री गजेन्द्र सिंह | लोधी | श्री विजेंद्र सिंह कश्यप | कश्यप |
| 9 | | | 4 | कटघर | श्री राजीव शर्मा | ब्राम्हण | श्री प्रभात कुमार सक्सेना | कायस्थ |
| 10 | | | 5 | मध्यनगर | श्री सूर्य मोहन शमशेरी | कायस्थ | श्री प्रतीक मित्तल | वैश्य |

दिनांक :- 29 दिसंबर' 2024

(ह० जिला चुनाव अधिकारी)

के अन्तर्गत शहर व मुरादाबाद ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 10 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। जिला चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता की ओर से जारी पत्र में मुरादाबाद ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सिविल लाइंस मंडल के अध्यक्ष पद पर सोमपाल सिंह, रामगंगा विहार में विपिन प्रजापति, दीवान का बाजार मंडल में विशाल रस्तोगी, सेहल में सतेंद्र सिंह सैनी, भोजपुर से वीरपाल सिंह को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। जबकि मुरादाबाद नगर विधानसभा क्षेत्र के चंद्र नगर मंडल से कपिल गुप्ता, लाइनपार से मिथुन शर्मा, दस सराय मंडल से गजेंद्र सिंह, कटघर से राजीव शर्मा और मध्य नगर मंडल से सूर्य मोहन को मंडल अध्यक्ष चुना गया है।भाजपा महानगर के मीडिया प्रभारी राहुल सेठी ने बताया कि मुरादाबाद महानगर के सभी 10 मंडलों के मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रतिनिधि की घोषणा हो गई है। उन्होंने सभी को बधाई दी है।

# मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पीली कोठी बकाबाद पर स्वागत सामारोह किया

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद /अमरोहा - मंडल बछरायूं के पुनः अध्यक्ष रोहित आर्य जी के बनने पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय



पीली कोठी बकाबाद पर स्वागत सामारोह किया जिसमें सभी ने पुष्प माला व पटका पहना कर रोहित आर्य का स्वागत किया व संघठन का धन्यवाद किया सभी देवतुल्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक प्रभारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे रोहित आर्य ने कहा संगठन को मजबूत करना ओर सक्रिय रहना प्रथम प्राथमिकता है कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है जिसे निष्ठा के साथ निभाना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित सुरेश सैनी अंकुर अग्रवाल राजपाल सिंह मंगत सिंह प्रदीप सिंह हरिओम कश्यप नरेंद्र उत्पल रवि राज चरन सिंह दुष्यंत सिंह प्रजापति सामेंद्र सिंह नाजिम अली फ़िरासत अली विक्रम सिंह गजराज परवीन मोहित आर्य चंद्रसेन जितेंद्र यादव सौरभ भड़ाना प्रमोद पंकज सैनी आसिफ हारून इकरामुद्दीन आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नगर पंचायत रिठौरा में मंगलवार को बोर्ड की बैठक हुई

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा।नगर पंचायत रिठौरा में मंगलवार को बोर्ड की बैठक हुई। अध्यक्षता चेयरमैन शकुंतला देवी ने की सभासद नीरज कुमारी ने शीतलहर के दौरान ज्यादा से ज्यादा अलाव जलाने का प्रस्ताव रखा जिसके लिए सभी सभासदों ने सहमति,सभासद राधा ने साफ़ - सफाई,कोहरे में बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात रखी। सभासद नासिर जहां ने भी साफ़ - सफाई बिजली,शिक्षा को लेकर अपनी बात रखी।सभासद पायल कश्यप ने बेहतर जलनिकासी तथा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का प्रस्ताव रखा।जिस पर सभी ने सहमति जताई। चेयरमैन शकुंतला देवी ने सभी सभासदों को बताया नगर में लम्बे समय से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर वह प्रयास कर रहीं थीं।अब शीघ्र ही घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। लगभग एक करोड़ रूपया इस ख़र्च होगा।इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता,अधिशासी अधिकारी अंकित कुमार गंगवार, वरिष्ठ लिपिक ओमप्रकाश समाज सेवी दिनेश भास्कर,देवीदास, पूर्व सभासद पप्पू कश्यप,जाकिर मंसूरी मुकेश दिवाकर , कुंवरपाल यादव,रजत भास्कर, अर्जुन यादव,सहित तमाम सभासद एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# मोबाइल नंबर पोर्ट और क्रेडिट कार्ड के नाम पर लाखों की ठगी एफआईआर दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली । साइबर अपराधियों ने दो लोगों से लाखों रुपये ठगी कर ली। जिसमें एक युवक से मोबाइल नंबर पोर्ट और क्रेडिट कार्ड कराने के नाम पर ठगी हुई, जबकि दूसरे युवक से सोशल मीडिया लिंक के जरिए ठगी की गई। दोनों ही पीड़ित ने मामले की स्थानीय थानों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों की तहरीर के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। आंवला थाना क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश कुमार ने बताया कि वह रामनगर रोड पर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। उन्होंने बताया कि दस अक्टूबर 2024 को दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास आए और पेटीएम के जरिए 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने की बात कही। जब उन्होंने ऐसा करने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उनके फोन के पेटीएम को ठीक करने के बहाने उनका फोन ले लिया। और उनके फोन को एयरटेल से जियो में पोर्ट करने का कोड प्राप्त कर लिया। इसके बाद 16 अक्टूबर 2024 को उनका मोबाइल नंबर जियो में पोर्ट कर लिया गया। आरोपियों ने उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपये और केडिट कार्ड से करीब 20 हजार रुपये उड़ा लिए। लिंक खोलते ही उड़ गए खाते से रुपये-बारादरी थाना क्षेत्र के आनंद विहार कॉलोनी निवासी रजप्रीत यादव ने सोशल मीडिया के जरिए हुई ऑनलाइन ठगी की शिकायत की है। सात फरवरी 2023 को एक संदिग्ध लिंक खोलने के बाद उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 60 हजार की ठगी हो गई। घटना की जानकारी रजप्रीत ने साइबर फॉड हेल्पलाइन नंबर 1930 पर देकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद धनराशि रोक दी गई। अब उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि इस मामले में बारादरी थाने में एफआईआर दर्ज कर रोकी धनराशि को उनके खातें में वापस हस्तारित कराने की मांग की है।

# रेलवे ने महाकुंभ के लिए 12 विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी की

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। रेलवे ने बरेली होते हुए प्रयागराज जाने वाली अप-डाउन 12 महाकुंभ विशेष ट्रेनों की समय सारिणी घोषित कर दी है। इन ट्रेनों को दिल्ली, अमृतसर, बठिंडा, देहरादून, फिरोजपुर और अंब अंडौरा स्टेशनों से फाफा मऊ के बीच अलग-अलग तारीखों में चलाया जाएगा। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच होना है। बरेली होते हुए प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनों में सीटें दो महीने पहले ही बुक हो चुकी हैं। इस बीच कोहरे के कारण कई ट्रेनें निरस्त भी चल रही हैं। प्रमुख स्नान तिथियों पर प्रयागराज के लिए ट्रेनों में कन्फर्म टिकट न मिलने के कारण लोगों को




विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी होने का इंतजार था। बरेली होते हुए 14 महाकुंभ विशेष ट्रेनों का संचालन प्रस्तावित था। अब अप-डाउन 16 ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों के कोच पर महाकुंभ की आभा नजर आएगी। इनका शेड्यूल हुआ जारी 04526 बठिंडा-फाफा मऊ कुंभ विशेष ट्रेन 19, 22, 25 जनवरी, आठ और 18 फरवरी को बठिंडा से सुबह 4.30 बजे चलकर दोपहर 2.53 बजे बरेली आएगी और रात 11.55 बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04525 फाफा मऊ- बठिंडा कुंभ विशेष ट्रेन 20, 23, 26 जनवरी, नौ और 19 फरवरी को फाफा मऊ से सुबह 6.30 बजे चलने के बाद अपराह्न 2.27 बजे बरेली आएगी और रात एक बजे बठिंडा पहुंचेगी। 04316 देहरादून-फाफा मऊ विशेष ट्रेन 18, 21, 24 जनवरी, 16 और 23 फरवरी को देहरादून से सुबह 8.10 बजे चलने के बाद दोपहर 2.25 बजे बरेली आएगी और रात 11.50 बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04315 फाफा मऊ- देहरादून विशेष ट्रेन 19, 22, 25 जनवरी, 17 और 24 फरवरी को फाफा मऊ से सुबह 6.30 बजे चलने के बाद दोपहर 2.40 बजे बरेली आएगी और रात 9.30 बजे देहरादून पहुंचेगी। 04066 दिल्ली-फाफा मऊ विशेष ट्रेन 10, 18, 22, 31 जनवरी, आठ, 16 और 27 फरवरी को दिल्ली से रात 11.25 बजे चलने के बाद अगले दिन तड़के 5.18 बजे बरेली आएगी और दोपहर 2.15 बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04065 फाफा मऊ-प्रयागराज विशेष ट्रेन 11, 19, 23 जनवरी, एक, नौ 17 और 28 फरवरी को फाफा मऊ से रात 11.30 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 7.40 बजे बरेली आएगी और दोपहर 1.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 04662 अमृतसर-फाफा मऊ विशेष ट्रेन नौ, 19 जनवरी और छह फरवरी को अमृतसर से रात 8.10 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह नौ बजे बरेली आएगी और शाम सात बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04661 फाफा मऊ-अमृतसर विशेष ट्रेन 11, 21 जनवरी और आठ फरवरी को फाफा मऊ से सुबह 6.30 बजे चलने के बाद दोपहर 2.40 बजे बरेली आएगी और अगले दिन तड़के 4.15 बजे अमृतसर पहुंचेगी। 04664 फिरोजपुर-फाफा मऊ विशेष ट्रेन 25 जनवरी को दोपहर 1.25 बजे फिरोजपुर से चलने के बाद रात 2.20 बजे बरेली आएगी और अगले दिन सुबह 11.30 बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04663 फाफा मऊ-फिरोजपुर विशेष ट्रेन 26 जनवरी को शाम 7.30 बजे फाफा मऊ से चलने के बाद अगले दिन तड़के 4.15 बजे बरेली आएगी और शाम 4.45 बजे फिरोजपुर पहुंचेगी। 04528 अंब अंडौरा-फाफा मऊ विशेष ट्रेन 17, 20, 25 जनवरी, नौ, 15 और 23 फरवरी को अंब अंडौरा से रात 10.05 बजे चलने के बाद अगले दिन सुबह 8.28 बजे बरेली आएगी और शाम छह बजे फाफा मऊ पहुंचेगी। वापसी में 04527 फाफा मऊ-अंब अंडौरा विशेष ट्रेन 18, 21, 26 जनवरी, 10, 16 और 24 फरवरी को रात 10.30 बजे फाफा मऊ से चलने के बाद अगले दिन सुबह 6.28 बजे बरेली आएगी और शाम 5.50 बजे अंब अंडौरा पहुंचेगी।

# बरेली का सबसे ठंडा दिन रहा आज, अभी दो दिन और चलेगी शीतलहर

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा



बरेली। जिले का मौसम अचानक बदल गया। दिन में कोहरा और धुंध छायी रहने की वजह से अधिकतम तापमान एक दिन में आठ डिग्री तक लुढ़ककर 14.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। साल के अंत में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग ने दो दिन और शीत लहर चलने और फिर कोहरे का अनुमान जताया है। मंगलवार को सूरज की थोड़ी चमक दिखाई पड़ी। लेकिन दोपहर के बाद से सर्द हवाएं चलने लगीं। विगत दिवस सोमवार को पूरे दिन हवाएं चलीं और धूप नहीं खिली। इसकी वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। यही वजह रही कि दिन का तापमान लगभग रात के बराबर रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक 12.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले साल 30 दिसंबर को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 26 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के चक्रवातों के कारण नमी आने लगी थी। इससे बादल बने और हल्की बारिश हुई। सोमवार को मौसम में फिर बदलाव शुरू हुआ है। उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से सर्दी का अहसास शुरू हो गया है। सुबह तड़के दृश्यता भी कम रहीं। दिन भर तेज सर्द हवाएं चलती रहीं। दिन भर धूप नहीं निकलने से लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। आज भी हवा में नमी सुबह 88 प्रतिशत और शाम को 86 प्रतिशत दर्ज की गई। इस दौरान 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बर्फीली हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को शीतलहर चली। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है। वहीं 1 जनवरी को भी शीतलहर का प्रकोप रहेगा। इसके बाद 2 से 5 जनवरी तक सुबह कोहरा और धुंध छाए रहेंगे और दिन में मौसम साफ रहेगा। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है।


# एसएसपी ने सुभाष नगर थाने का किया निरीक्षण, प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह की जिम्मेदारी के प्रति सभी ने की वाहवाही

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा



बरेली। एसएसपी अनुराग आर्य ने मंगलवार को सुभाष नगर थाने का निरीक्षण किया।इसी के साथ अपने काम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को इनाम देने के साथ ही प्रशस्ति पत्र देने की भी घोषणा की है। एसएसपी पुलिस लाइन से थाना सुभाष नगर पहुंचे। सबसे पहले थाने का निरीक्षण किया। एसएसपी ने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस, कंप्यूटर कक्ष, थाना परिसर आदि का भौतिक रूप से भ्रमण किया।उसके बाद वहां पर उन्होंने जनप्रतिनिधि पार्षदों एव व्यापारियों और संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर फीडबैक लिया जहां सभी थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह और उनकी टीम की कार्यशैली की तारीफ करते हुए सब कुछ अच्छा बताया। इसके बाद अभिलेखों की जांच की। निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह और उपनिरीक्षको आरक्षी को संभ्रात व्यक्तियों, जनसुनवाई के दौरान लोगों के फीडवैक से उनके बेहतर व्यवहार के बारे में पता चला इसलिए उन्हें भी उत्कृष्ट कार्यशैली के चलते कुछ को प्रशस्ति पत्र की घोषणा की। इसी तरह से सुभाष नगर थाने के महिला सहायता डेस्क गायत्री पांडेय, मुख्य आरक्षी दीपक शर्मा व महिला मुख्य आरक्षी पिंकी को फरियादियों की समस्याओं को सही तरीके से सुनने पर पुरस्कार देने की घोषणा देने की घोषणा की। जांच के दौरान एसएसपी ने पिछले समाधान दिवस के शिकायती पत्र देखे जिससे पता चला कि उनका निस्तारण संतोषजनक किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के साथ पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक,ट्रेनी आईपीएस माविस टाक, क्षेत्राधिकारी बारादरी मौजूद रहे ।।






KYUN NA LIKHUN SACH
